भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2034

उत्तर देने की तारीख 22 सितंबर, 2020

31 भाद्रपद, 1942 (शक)

आत्मनिर्भर भारत अभियान

2034. श्री बी. मणिक्कम टैगोरः

डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हेः

श्री कुलदीप राय शर्माः

श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुलेः

श्री डी. एन. वी. सेंथिलकुमार एसः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के लक्ष्य हासिल करने हेतु देश में युवा स्वयंसेवियों को सशक्त करने हेतु यूनिसेफ के साथ साझेदारी की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा ऐसे उपायों से आत्मनिर्भर बनने हेतु एक करोड़ युवाओं को जुटाने हेतु क्या कदम उठाये गये हैं;

(ख) क्या देश में युवा विद्यार्थियों के चरित्र के विकास हेतु सरकार की कोई नीति/योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या भारत के युवाओं में नेतृत्व कौशल को बढ़ाने हेतु लक्षित अभियान तैयार करने हेतु मंत्रालय की कोई योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय तथा संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनीसेफ) ने भारत में एक वैश्विक बहु-हितधारक प्लेटफार्म युवाहा, जनरेशन अनलिमिटेड (जेन यू) स्थापित करने के लिए

20.07.2020 को एक 'स्टेटमेंट ऑफ इंटेंट' पर हस्ताक्षर किए । इस स्टेटमेंट ऑफ इंटेंट के अनुसार इस परियोजना के उद्देश्य इस प्रकार हैं :

- युवाओं में उद्यमिता दृष्टिकोण बनाने के लिए सफल उद्यमियों और विशेषज्ञों के साथ उद्यमिता कक्षाएं (ऑनलाइन और ऑफलाइन) संचालित करके युवाओं को सहायता प्रदान करना ।
- ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यमों से 21वीं सदी के कौशल, जीवन कौशल, डिजिटल कौशल के बारे में युवाओं का कौशल उन्नयन और उन्हें उनके सफल जीवन तथा कार्य के भविष्य के लिए आत्म शिक्षा के माध्यम से उनकी सहायता करना ।
- युवाओं को नौकरियों या स्वरोजगार से जोड़कर उनका मार्ग प्रशस्त करने सहित उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर आर्थिक अवसर उत्पन्न करना । इसके लिए व्यापक पैमाने और पहुंच बनाने के लिए अभिनव समाधान और प्रौद्योगिकी प्लेटफार्म उपलब्ध कराना ।
- युवाओं को करियर के प्रति जागरूक बनाने के लिए करियर पोर्टल तथा नौकरी उन्मुख तैयारी और स्वयं में संभावनाएं तलाशने के सत्रों के माध्यम से करियर मार्गदर्शन संबंधी सहायता प्रदान करना ।

इस परियोजना में युवा कार्यक्रम विभाग की भूमिका युवाहा टेक्निकल वर्किंग ग्रुप/ टास्क फोर्स में भागीदारी के लिए संबंधित विशेषज्ञों की सेवाएं उपलब्ध कराना है ।

आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूत बनाने के लिए युवा कार्यक्रम विभाग ने अपने संगठन अर्थात् नेहरू युवा केंद्र संगठन के माध्यम से निम्नलिखित कदम उठाए हैं :

(i) देशभर में स्थित जिला नेहरू युवा केंद्र भारतीय अर्थव्यवस्था को पुनः पटरी पर लाने और कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए आत्मनिर्भर भारत अभियान – देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आर्थिक पैकेज का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं ।

(ii) प्रचार अभियान वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से, स्कीम के पीडीएफ को साझा करके, वोकल फॉर लोकल के लिए जागरूकता, ई-पोस्टरों, वीडियो, दस्तावेज आदि सोशल मीडिया के माध्यम से किया जा रहा है । प्रचार अभियान के तहत दीवारों पर लिखना एक अन्य कारगर उपाय को अपनाया गया है ।

(iii) नेहरू युवा केंद्र संगठन ने आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत यूथ मैपिंग, कौशल उन्नयन और परस्पर सहायता को अपनाया है, इसका उद्देश्य युवाओं को आर्थिक और व्यक्तिगत खुशहाली के अवसरों का लाभ उठाने के लिए युवाओं को जागरूक बनाना और प्रेरित करना है ।

(ख) जी हां । युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय स्वैच्छिक समुदाय सेवा के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व और चरित्र का निर्माण करने के मूल उद्देश्य से 1969 में शुरू की गई राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के माध्यम से देश के युवा छात्रों के चरित्र का विकास करता है । राष्ट्रीय सेवा

योजना वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में कार्यान्वित की जा रही हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना में यह संकल्पना की गई है कि इस स्कीम के अंतर्गत शामिल प्रत्येक शिक्षा संस्थान में कम से कम 1 इकाई होगी जिसमें एक कार्यक्रम अधिकारी के रूप में नामोदिष्ट शिक्षक के नेतृत्व में 100 छात्र स्वयंसेवक होंगे। प्रत्येक राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कार्यकलाप निष्पादित करने के लिए एक गांव या मलिन बस्ती को अपनाती है। राष्ट्रीय सेवा योजना 'परिसर और समुदाय', 'कॉलेज और गांव' तथा 'ज्ञान और कार्य' के बीच सार्थक संबंध स्थापित करने का प्रयास करती है।

(ग) और (घ) जी हां। युवाओं में नेतृत्व गुण विकसित करने के उद्देश्य से एक नई केंद्रीय क्षेत्र स्कीम नामतः 'राष्ट्रीय युवा नेता कार्यक्रम (एनवाईएलपी)' दिसंबर 2014 में तैयार की गई थी ताकि उन्हें राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में योगदान देने के लिए अपनी पूर्ण क्षमता का लाभ उठाने के लिए समर्थ बनाया जा सके। इस स्कीम का उद्देश्य युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रयास करने हेतु प्रेरित करना और उन्हें विकास की प्रक्रिया में अग्रणी बनाना है। इसका उद्देश्य राष्ट्र निर्माण के लिए युवाओं की असीम ऊर्जा का इष्टतम उपयोग करना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत लाभार्थी राष्ट्रीय युवा नीति, 2014 में 'युवा' की परिभाषा के अनुरूप 15-29 वर्ष के आयु समूह के युवा हैं। इस कार्यक्रम के निम्नलिखत 5 घटक हैं :

(क) नेबरहुड युवा संसद

(ख) विकास कार्यक्रम के लिए युवा

(ग) राष्ट्रीय युवा नेता पुरस्कार

(घ) राष्ट्रीय युवा सलाहकार परिषद

(ङ) राष्ट्रीय युवा विकास कोष

****